पत्रांक–बि0क0च0आ0–प्र0–03/परीक्षा (आशुलिपिक/आशुटंकक–III)–76/2025

बिहार कर्मचारी चयन आयोग,

पो0–वेटनरी कॉलेज, पटना–14

आवश्यक सूचना

ज्ञापांक–5120/370 पटना, दिनांक–20/11/2026

विज्ञापन संख्या–07/25, पद–आशुलिपिक/आशुटंकक–III की लिखित परीक्षा ऑनलाइन (Computer Based Test) मोड में दिनांक–01.12.2026 को दो पालियों में निर्धारित है। प्रकाशित विज्ञापन में उल्लिखित है कि–"विभिन्न चरणों में परीक्षा आयोजित किये जाने की स्थिति में परीक्षा परिणाम समानीकरण की प्रक्रिया अपनाते हुये तैयार की जाएगी।"

उक्त विज्ञापन की लिखित परीक्षा 02 चरणों में आयोजित किये जाने के परिप्रेक्ष्य में विज्ञापन की शर्त्त के आलोक में परीक्षा परिणाम हेतु समानीकरण की प्रक्रिया अपनाया जाना अपेक्षित है। समानीकरण हेतु केन्द्रीय कर्मचारी चयन आयोग, नई दिल्ली द्वारा जून–2025 से अपनायी गयी **Normalization Methodology** का प्रयोग आयोग द्वारा किया जाएगा। सुलभ प्रसंग हेतु उक्त प्रक्रिया के संबंध में केन्द्रीय कर्मचारी चयन आयोग, नई दिल्ली द्वारा दिनांक–02.06.2025 को प्रकाशित आवश्यक सूचना की छायाप्रति संलग्न है।

अभ्यर्थियों को निदेश दिया जाता है कि अद्यतन सूचना हेतु आयोग के वेबसाईट https://bssc.bihar.gov.in का सतत् अवलोकन करते रहें।

सचिव

बिहार कर्मचारी चयन आयोग, पटना।